मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-251
13/04/2023

# मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों एवं देशवासियों को बैसाखी की शुभकामनायें दीं

**पटना, 13 अप्रैल 2023** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राज्यवासियों एवं देशवासियों को बैसाखी की शुभकामनायें दीं।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि बैसाखी का पर्व किसानों के जीवन में उमंग और उल्लास का संचार करता है। फसल तैयार होने पर खुशी व्यक्त करने वाला यह पर्व देश के विभिन्न भागों में विविध लोक पर्वों के रूप में मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में आगे कहा कि इस पर्व पर हमें समाज में समरसता तथा पारस्परिक सौहार्द्र बढ़ाने और समर्पण की भावना से सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

******